मेट्रो-3 में मोबाइल इन्फ्रा सेवा प्रदान करेगा एसीईएस

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) और एसीईएस सऊदी अरब की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एसीईएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई मेट्रो लाइन 3 पर मोबाइल इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किया. एमएमआरसी की मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विनी भिड़े ने कहा कि हम मुंबई मेट्रो लाइन 3 के लिए मोबाइल सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए एसीईएस इंडिया के साथ साझेदारी करके खुश है, अब मेट्रो-3 यात्रियों के लिए निर्बाध मोबाइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा. बता दें कि एसीईएस लीडिंग इंटरनेशनल न्यूट्रल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है और हमारी सालाना 625 मिलियन से ज्यादा यात्रियों को डिजिटल अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

12 साल की अवधि के लिए हुआ अनुबंध

- 12 साल की अवधि के लिए दिए गए अनुबंध के तहत अल्ट्रा-हाई स्पीड और उन्नत उपयोगकर्ता-अनुभव के साथ एसीईएस 27 स्टेशनों, प्लेटफार्मों, निर्बाध कवरेज, कॉनकोर्स और सुरंगें सहित 33.5 किलोमीटर की कुल दूरी पर सालाना 625 मिलियन से ज्यादा से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान करने वाली उन्नत 4जी और 5जी प्रौद्योगिकियों सहित मोबाइल बुनियादी ढांचा सेवाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा.
- यह समझौता 4 मार्च को हुए इस कार्यक्रम में रियाद, सऊदी अरब में लोकप्रिय लीप-2024 इवेंट -'ए डिजिटल डेवोस' में हुआ.